गंदगी की चपेट में गौड़ राजाओं का बनवाया तालाब

खास बातें

- अपने अस्तित्व को बचाने कर रहा संघर्ष
- प्रशासन और लोगों की उदासीनता का हो रहा शिकार

नवभारत न्यूज

पठारी 7 मार्च, प्राकृतिक सौंदर्य की गोद में गौड़ राजाओं ने जीवन दायक तालाब का निर्माण कराया था.जिसकी वैभवता और सुंदरता की निशानियां गवाही दे रही हैं जो अमृत समान खनिज जल का पेयजल स्त्रोत था. जलीय एवं जन जीवन के लिए बरदान साबित हो रहा था.

सदियों से नगर की प्यास बुझाने वाला तालाब शासन प्रशासन और लोगों की उपेक्षा उदासीनता का शिकार हो गया जो अब अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। पठारी की भूगर्भीय जलस्तर संरक्षित करने के लिए तालाब के संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता है। मनोज नामदेव बताते हैं कि मध्यकाल में बड़ोह पठारी के बीच ज्ञाननाथ पर्वत की तलहटी में तालाब का निर्माण पठारी किले के निर्माण के दौरान किया गया था गोंडवाना साम्राज्य में तालाब, बांध, नहरों और किलों का निर्माण प्राथमिकता से कराया जाता था जिसके तहत पठारी में भी निर्माण कराया गया. किले में गौड़ साम्राज्य से संबंधित कई निशानियां मौजूद है.

नागरिकों को सस्ता और टिकाऊ ईंधन उपलब्ध कराया जाए, और हम इसे आराम से सुनिश्चित कर रहे हैं.लेकिन आज घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 60 और कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 115 बढ़ा दी गई है. श्री रघुवंशी ने आरोप लगाया की नतमस्तक हुई भाजपा सत्कार के कारण आज पूरा देश इसकी कीमत चुका रहा है. जिला

कॉंग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा में कहा कि कॉंग्रेस पार्टी लगातार देश में गहराते ऊर्जा संकट को लेकर सरकार को चेतावनी देती आ रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार ने इन चेतावनियों को नजर अंदाज किया.आज उसी नीतिगत विफलता का खामियाजा देश की आम जनता बढ़ती गैस कीमतों और महंगाई के रूप में भुगत रही है.

राजतंत्र में थे तालाब संरक्षण के लिए नियम कायदे

बुजुर्ग बताते हैं कि राजतंत्र के दौरान तालाब संरक्षण के लिए विशेष नियम कायदे लागू थे. जिसके तहत तालाब के पानी का उपयोग कैसे किया जाना है तथा जल शुद्धिकरण के लिए क्या-क्या उपाय किए लिए पहाड़ पर खोदी गई जाना है. तालाब भराव के नाली की सफाई आदि श्रमदान के द्वारा की जाती थी. लोगों द्वारा श्रमदान भी किया जाता था.

उत्सवों का होता था आयोजन

तालाब के चारों ओर सुंदर घाटों का निर्माण किया गया था.जिसमें चार कुआं और एक बावड़ी का निर्माण किया गया था. जिसमें 2 कुएं तालाब के बाहर और दो कोई जलमग्न हैं.तालाब में 11 शिवलिंग जलमग्न है। जिन पर निरंतर जलाभिषेक किया जा रहा है. वहीं तालाब के किनारे पर मंदिरों का भी निर्माण किया गया है. विशेष तीज त्योहारों पर तालाब पर दीपदान एवं अन्य प्रकार के महोत्सव का आयोजन किया जाता था बताया जाता है कि राजतंत्र में स्वर्ण सिक्का प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता था.

रंगपंचमी पर जमकर उड़ेगा रंग, अबीर गुलाल

सिरोंज में निकलेगा रंगपंचमी जुलूस

भगवान श्री राधाकृष्ण के स्वरूप की झांकी रहेगी शामिल

नवभारत न्यूज

सिरोंज 7 मार्च, शहर में रविवार को रंगपंचमी पर जमकर रंग, अबीर गुलाल उड़ेगा. इस मौके पर नगर में रंगपंचमी का जुलूस भी निकाल जावेगा. जो मुख्य मार्गो से होकर निकलेगा. रंगपंचमी के त्यौहार को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है.

शहर में रंगपंचमी के त्यौहार को लेकर उत्साह है. रंगपंचमी के त्यौहार पर हिंदू उत्सव समिति द्वारा हर साल की भांति इस साल भी शहर में रंगपंचमी का जुलूस निकाला जावेगा. हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष ओम सोनी ने बताया कि शहर में रंगपंचमी का जुलूस सुबह 10 बजे से कस्टम पथ से प्रारंभ होगा. जो शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए जयस्तंभ चौक पर पहुंचेगा. इस दौरान लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं देंगे. जुलूस में भगवान श्री राधाकृष्ण के स्वरूप की झॉकी भी सजाई जावेगी. साथ ही ढोल, बैंड बाजों एवं होली के गीत के बीच लोग एक दूसरे पर रंग डालकर होली खेलने का आनंद लेंगे. जुलूस कस्टम पथ से शुरू होकर कठाली बाजार, सर्राफा बाजार, कपड़ा बाजार, चॉदनी चौक, सिनेमा चौराहा, छोटा बाजार, राज बाजार, नवीन बस स्टैण्ड होते हुऐ जय स्तंभ हाजीपुर पहुॅचकर जुलूस का समापन होगा.

गंजबासौदा में रंग पंचमी पर निकलेगा सड़कों पर रंग टैंकर जुलूस

रंग पंचमी पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए आज गांधी चौक स्थित श्री राम जानकी मंदिर पर पूजा अर्चना के पश्चात नगर पालिका परिषद द्वारा विशाल जुलूस जिसे रंग टैंकर जुलूस भी कहा जाता है निकाला जाएगा.जिसमें विधायक हरि सिंह रघुवंशी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव तथा सभी पार्षद नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक धार्मिक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सभी राजनीतिक दलों के नेता कार्यकर्ता रंगारंग जुलूस में साथ चलेंगे और लोगों को बधाइयां देंगे रंगारंग जुलूस गांधी चौक से सदर बाजार होता हुआ सावरकर चौक हनुमान चौक नया बाजार होता हुआ जय स्तंभ चौक पहुंचेगी. जहां से रेलवे स्टेशन होता हुआ हनुमान मंदिर मिल रोड पर समापन होगा. जुलूस में ग्रामीण क्षेत्रों के फाग गायक अपनी अपनी टोली के साथ सम्मिलित होंगे नचनियो के साथ. इसके अलावा और भी आकर्षण के केंद्र जुलूस में रहेंगे रंग पंचमी पर बाजार बंद रहता है और रंग रसिया पूरा आनंद लेते हैं.बेतवा नदी तथा अन्य कृषि फार्मों पर रंगारंग पार्टी के दौर देर रात्रि तक चलेंगे. रंग पंचमी पर भांग पार्टी नशा पार्टी डांस पार्टी के आयोजन भी शौकीन लोग रखते हैं जिसमें नगर की जानी-मानी हस्तियां पहुंचती हैं दाल बाटी और मुर्गा पार्टी भी होती है जिसको जो पसंद हो उसके इंतजाम भी किए जाते हैं. अधिकारी कर्मचारी भी रंग पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाते हैं और इस तरह है होली का पांच दिवसीय रंग पंचमी पर मस्ती उमंग के त्यौहार का समापन होता है.

तनुश्री राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में लेंगी भाग

नवभारत न्यूज



विदिशा, राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में तनुश्री असाटी का चयन सम्राट अशोक टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट पॉलिटेक्निक महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयंसेविका कुमारी तनुश्री असाटी का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में चयन हुआ है.मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर चित्रकूट में 8 मार्च से 14 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा. इस नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में आयोजित गतिविधियों में भाग लेकर व्यक्तित्व विकास एवं सामुदायिक विकास के लिए कार्य करेंगे.इस अवसर पर संस्था प्राचार्य डॉक्टर नवीन गोयल, कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार प्रजापति सहित अन्य स्टाफ और स्वयंसेवकों ने बधाई दी है.

सिलेंडर के दाम में 60 की बढ़ोतरी सरकार की विफलता-कांग्रेस

नवभारत न्यूज

विदिशा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी में आरोप लगाया की पहले से ही बढ़ती महंगाई से मध्यमवर्गीय एवं गरीब परिवार जूझ रहे है ऊपर से सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर 60 रुपये बढ़ा दिए हैं यह बेहद चिंताजनक है.

श्री रघुवंशी ने कहा की कल ही भारत के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा था,हमारी प्राथमिकता है कि हमारे

विदिशा के लाल का ब्रिटेन की संसद में सम्मान

नवभारत न्यूज

विदिशा,विदिशा की माटी के लाल श्रेयांस जैन को ब्रिटेन की संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में सम्मानित किया गया. उन्हें यह सम्मान एशियन बिजनेस काउंसिल द्वारा लंदन में श्रेष्ठ वेजिटेरियन एवं वीगन रेस्टोरेंट का सफल संचालन करने के लिए प्रदान किया गया.

श्रेयांस जैन लंदन में नमस्ते होलबोर्न नाम से शुद्ध शाकाहारी भारतीय रेस्टोरेंट का संचालन कर रहे हैं, जो वहां भारतीय संस्कृति और शाकाहारी भोजन को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.यह पुरस्कार आयरलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री बैरोनेस फोस्टर और उत्तरी आयरलैंड के शिक्षा मंत्री पीटर जेम्स वेयर द्वारा प्रदान किया गया. कार्यक्रम में जर्सी के पूर्व मुख्यमंत्री जॉन ले फोंड्रे, यूके एबीसी के चेयरमैन कोबर्न कुटे, वाइस प्रेसिडेंट सुदीप साकल्ले सहित कई सांसद और प्रमुख व्यावसायिक नेता भी मौजूद रहे.सम्मान प्राप्त करने के बाद श्रेयांस जैन ने कहा कि यह केवल उनका नहीं बल्कि हर भारतीय का सम्मान है. उन्होंने कहा कि यह भारत की संस्कृति और शाकाहारी परंपरा का सम्मान है.

स्वच्छता नायकों को किया सम्मानित

शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने में सफाई मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका

नवभारत न्यूज

सिरोंज, मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महाअभियान के अंतर्गत शुक्रवार को नगर पालिका द्वारा नगर के स्वच्छता कार्य में योगदान देने वाले स्वच्छता नायकों को सम्मानित किया गया. इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने कचरा वाहनों के चालकों, सहायकों एवं सफाई मित्रों का सम्मान किया. कार्यक्रम का उद्देश्य शहर को साफ, स्वच्छ, सुंदर बनाने में योगदान देने वाले सफाई मित्रों का उत्साहवर्धन एवं सम्मानित करना रहा.

कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष मनोज सांईनाथ, पार्षद प्रतिनिधि राजा मियां, सीएमओ रामप्रकाश साहू, नपा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार मौजूद रहे. इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि शहर को साफ, स्वच्छ, सुंदर बनाने में सफाई मित्रों का महत्वपूर्ण योगदान है. इनके परिश्रम और समर्पण से ही नगर में नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं कचरे का उचित प्रबंधन हो पा रहा है. सीएमओ रामप्रकाश साहू ने सभी सफाई मित्रों की सराहना करते हुए कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को ओर बेहतर बनाने में सभी मिलकर कार्य करें. साथ ही शहर की जनता को भी गीला-सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित करें. इस मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वच्छ सिरोंज, सुंदर सिरोंज बनाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में नपा के अधिकारी, कर्मचारी एवं सफाई मित्र मौजूद रहे.

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्राओं को मिले वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रेरक संदेश

नवभारत न्यूज

विदिशा, गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल द्वारा प्रायोजित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है.यह आयोजन 27 फरवरी से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक महाविद्यालय में निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें छात्राओं को विज्ञान एवं शोध के विभिन्न आयामों से परिचित कराया जा रहा है.कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी तथा एसएटीआई के प्रोफेसर डॉ. मनोज दातार द्वारा विशेष व्याख्यान दिए गए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. अहिरवार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह समय उनके विकास और नई सोच को विकसित करने का है.उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें.प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी, जिनका नाम विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल है, ने अपने व्याख्यान में फूड इंडस्ट्री, जैव अभियांत्रिकी तथा दैनिक जीवन में भोजन शैली के महत्व पर विस्तार से चर्चा की. प्रोफेसर डॉ. मनोज दातार ने अपने संबोधन में बताया कि वर्तमान समय में महिलाएं विज्ञान एवं शोध के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में मॉडल निर्माण, प्रश्नोत्तरी, रिसर्च पेपर रिव्यू और वॉल पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया.कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. विनीता प्रजापति द्वारा किया गया.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

इलेक्ट्रीशियन संघ की बैठक में हुए कई निर्णय, बनेंगे परिचय पत्र

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, होली महापर्व के उपरांत इलेक्ट्रीशियन संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ द्वारा स्थानीय चाय लोजी रेस्टोरेंट बरेठ रोड गंजबासौदा एवं आसपास से आए हुए इलेक्ट्रिशियनों की बैठक संपन्न हुई.बैठक के मुख्य अतिथि इलेक्ट्रीशियन संघ के संरक्षक एवं भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी एवं विशेष अतिथि इलेक्ट्रीशियन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सिंघवी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के जिला अध्यक्ष संदीप नामदेव एवं जिला महामंत्री चरण सिंह लोधी,तहसील उपाध्यक्ष रामस्वरूप दांगी,अरविंद जैन,कमलेश साहू की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई.

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र सोनी ने कहां कि म.प्र. शासन के अनुसार भवन निर्माण के कार्य करने वाले 49 प्रकार कि मजदूर होते हैं जिसमें इलेक्ट्रीशियन का कार्य करने वाले सभी बंधु भवन निर्माण के मजदूरों की श्रेणी में आते हैं,बैठक में कई निर्णय लिये गए जैसे विदिशा जिले की सभी तहसीलों में शीघ्र ही कार्यकारिणी बनाएंगे एवं हम सभी गिग वर्करों का मजदूर कार्ड बनवाएंगे,बैठक में सभी अतिथियों ने संबोधित किया एवं अतिथियों ने इलेक्ट्रीशियन संघ के सभी सदस्यों को परिचय पत्र वितरित करने की रूपरेखा बनाई,शीघ्र ही इलेक्ट्रिक कार्य करने की दरें निर्धारित की जावेगी,श्री सोनी द्वारा इलेक्ट्रीशियन संघ के विधान का वाचन भी किया और सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्व के हिसाब से उनके कार्यों को समझाया.मंच का संचालन इलेक्ट्रीशियन संघ के तहसील महामंत्री दिलीप सिंह तोमर ने किया अंत में सभी ने भोजन प्रसादी का आनंद लिया बैठक में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रीशियन भाई उपस्थित हुए जिनमें प्रमुख रूप से महेंद्र सोनी,संदीप नामदेव,अनिल सिंघवी,चरण सिंह लोधी,राजू सोलंकी,गौरव पंथी,कमल सिंह कुशवाहा,सुधीर तिवारी,आनंद विश्वकर्मा, बाबूराम जाटव,कैलाश गुजराती, सोनू विश्वकर्मा, नंदकिशोर बैरागी, महेंद्र विश्वकर्मा, विजय नामदेव, हरिशंकर सेन,रामेश्वर अहिरवार, राकेश साहू, अजय विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे.

बिजली बकाया वसूली के लिए मंडल की टीम घर-घर पहुंची

सांची क्षेत्र में 3 .5 करोड़ रुपये वसूली का लक्ष्य

नवभारत न्यूज

सांची, बिजली विभाग द्वारा बकाया राशि वसूलने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है.इसी क्रम में अब विभागीय अधिकारी और कर्मचारी गांव-गांव तथा घर-घर पहुंचकर उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल जमा कराने का कार्य कर रहे हैं. इससे उपभोक्ताओं को बिल जमा करने के लिए बिजली कार्यालय तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी.जानकारी के अनुसार मार्च माह में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अपने बकाया बिलों की वसूली के लिए अभियान तेज कर दिया गया है, ताकि निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जा सके.इसके तहत अधिकारी विभिन्न गांवों में पहुंचकर शिविर लगाकर बकाया राशि जमा करवा रहे हैं.बताया जाता है कि सांची क्षेत्र में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा गया है. अभियान की शुरुआत में ही विभागीय अधिकारियों को करीब दस लाख रुपये की बकाया राशि वसूलने में सफलता मिली है और यह अभियान लगातार जारी है.विभागीय अधिकारियों का कहना है कि कर्मचारी दिन-रात घर-घर पहुंचकर वसूली अभियान में लगे हुए हैं और निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है. साथ ही उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपनी बकाया राशि शीघ्र जमा कर सहयोग करें, अन्यथा बकाया रहने पर बिजली कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की जा सकती है.विभाग का मानना है कि उपभोक्ताओं के सहयोग से ही वसूली लक्ष्य समय पर पूरा हो सकेगा.

कार्रवाई हाईवे लूट का पर्दाफाश हुए 24 घंटे भी नहीं गुजरे, फिर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

पेट्रोल पंप लूट का दो घंटे में खुलासा, सांची पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

नवभारत न्यूज

सांची, क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सांची पुलिस की सख्त कार्यप्रणाली लगातार नजर आ रही है.हाईवे लूट का पर्दाफाश हुए अभी 24 घंटे भी नहीं बीते थे कि सांची पुलिस ने आमखेड़ा पेट्रोल पंप लूट की घटना का भी मात्र दो घंटे में खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आमखेड़ा पेट्रोल पंप के मैनेजर रविकांत शाक्या निवासी कानाखेड़ा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 जनवरी की रात करीब सवा 11 बजे पेट्रोल पंप बंद कर वह अपने घर जा रहे थे. इसी दौरान आमखेड़ा पुलिया के पास तीन अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया और गले पर छुरी अड़ाकर उनके पास से 25,800 रुपये नगद एवं मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए.घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अपराध क्रमांक 38/2026 धारा 30(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की.

जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन तथा एसडीओपी नीलम चौधरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई.

पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की और भोपाल की ओर भागने की आशंका के चलते घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राम कुशवाह (22) निवासी गरीब नगर चांदाबाड़ी छोला रोड भोपाल, निखिल वंसल (17) निवासी नगर निगम कॉलोनी छोला मंदिर भोपाल तथा हर्ष योगी (17) निवासी जिला गुना, हाल मुकाम शंकर नगर भोपाल बताये.

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 25,800 रुपये की नगदी, मोबाइल फोन, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और एक छुरी बरामद कर ली है. तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक आनंदीलाल सूर्यवंशी, सहायक उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक दीपक उबनारे, ध्रुव सिंह, सुरेश गोहे, आरक्षक रामकरण शर्मा, भगवानदास, शैलेन्द्र सिंह, सौरभ रघुवंशी, राहुल रघुवंशी तथा थाना सलामतपुर के रंजीत धाकड़ की सराहनीय भूमिका रही.थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसे कानून के शिकंजे में लाकर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा.लगातार हो रही सख्त पुलिस कार्रवाई के कारण नगर और आसपास के क्षेत्र में यह चर्चा भी होने लगी है कि लंबे समय बाद अपराधियों के खिलाफ इतनी तेज और प्रभावी कार्रवाई देखने को मिल रही है.

भारतीय कृषि अनुसंधान की समिति ने किया कृषि महाविद्यालय का भ्रमण

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली से संम्बद्धता अवधि बढाने हेतु भारत सरकार की एक उच्चस्तरीय समिति द्वारा कृषि महाविद्यालय, गंजबासौदा का भ्रमण किया गया. इस उच्चस्तरीय समिति में छः सदस्य थे जिसकी अध्यक्षता पूर्व कुलगुरू चित्रकूट ग्रामोद्यय विश्वविद्यालय, डॉ. एन.सी. गौतम, कर रहे थे.इसके अन्य सदस्य पूर्व राष्ट्रीय समन्वयक, राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना, नई दिल्ली, डॉ. आर. रामासुन्दरम, पूर्व निर्देशक भारतीय फसल प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम डॉ. ए. एस. पवार, अधिष्ठाता, सरदार वल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ डॉ. विकास, अधिष्ठाता, श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जौबनेर डॉ. जी. के. गोथवार एवं प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली डॉ. रामेश्वरलाल मीणा थे. कार्यक्रम के पूर्व में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ. पीके मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि संकाय, डॉ. डी खरे एवं कुलसचिव डॉ. एके जैन द्वारा कार्यक्रम के पूर्व महाविद्यालय मे की जा रही तैयारी के संबंध में निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देष प्रदान किये. कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन एवं विश्वविद्यालय कुलगीत द्वारा हुआ, समिति द्वारा विभिन्न विभागों मे पदस्थ प्राध्यापको एवं अन्य कर्मचारीयों से परिचय प्राप्त किया गया.समिति द्वारा महाविद्यालय के सभी विभागो का निरीक्षण किया गया एवं उनमे संचालित गतिविधियों के संबंध मे प्राध्यापको एवं संबंधित कर्मचारीयों से चर्चा की गई.समिति ने महाविद्यालय के प्रशासकीय भवन, नवीन भवन, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, छात्रावास , विद्यार्थीयों के क्लास रूम, महाविद्यालय प्रक्षेत्र का सघन निरीक्षण किया. समिति ने महाविद्यालय मे चल रहे अनुसंधान परियोजनाओ एवं प्रकाशित शोध पत्रको के संबंध में वैज्ञानिको से चर्चा की.अधिष्ठाता डॉ. विनोद कुमार गर्ग द्वारा पिछले पांच वर्षो में किये गये कार्यो का पावर पाइंट के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया.